**न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट बिधूना, औरैया**

**सिविल वाद संख्या–932/2022 (68/2008)**
**CNR.No.UPAU120047632022**

धर्मेन्द्र प्रताप सिंह बनाम सुरेन्द्र नाथ आदि।

**दिनांकः–03.04.2026 लंच बाद**

पत्रावली लंच बाद पेश हुई। पुकार करायी गयी। बार–बार पुकार पर कोई भी पक्षकार उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त वाद वास्ते वादी उपस्थिति हेतु नियत है। प्रस्तुत वाद न्यायालय के समक्ष सन 2008 से लम्बित है जो कि अति प्राचीनतम वाद है एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित है। वादी पिछली कई नियत तिथियों से लगातार अनुपस्थित है। वादी को उपस्थिति हेतु न्यायहित में दिनांक 06.02.2026 को अन्तिम अवसर प्रदान किया जा चुका है। वाद उपरोक्त में वादी आज लंच बाद भी अनुपस्थित है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि वादी को वाद चलाने में रूचि नहीं है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

## आदेश

अतः उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में आदेश 9 नियम 3 सी0पी0सी0 में खारिज की जाती है। सिविल वाद संख्या–932/2022 (68/2008) नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार की जाये।

(कुशाग्र मिश्र)
अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट
बिधूना, औरैया।
**J.O.Code : UP4693**

Digitally signed by KUSHAGRA MISHRA
Date: 2026.04.03 17:41:56 IST
Reason: Order
Location: ACJJD Bidhuna